हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 13 जून 2026

04 अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ ...




07 बिना लाइसेंस चल रही मसाला पैकिंग यूनिट पर...





## खबर संक्षेप

### तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों की नवीन पदस्थापना

**नलखेड़ा।** कलेक्टर प्रीति यादव के निर्देशन में जिले में प्रशासनिक कार्य सुविधा की दृष्टि से तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों की नवीन पदस्थापना की गई है। अपर कलेक्टर आर.पी. वर्मा द्वारा जारी आदेशानुसार शाजापुर जिले से आगर-मालवा में स्थानांतरित होकर आए तहसीलदार राकेश खजुरिया को तहसील सोयतकलां में तहसीलदार पद पर पदस्थ किया गया है। वहीं नायब तहसीलदार रामेश्वर दांगी को तहसील सुसनेर एवं उप तहसील श्यामपुरा मोड़ी से स्थानांतरित कर तहसील सुसनेर के तहसीलदार पद पर नवीन पदस्थापना दी गई है। नायब तहसीलदार राजेश श्रीमाल को तहसील सोयतकलां से स्थानांतरित कर उप तहसील श्यामपुरा मोड़ी में नवीन पदस्थापना की गई है। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

### विशेष विधिक साक्षरता शिविर 13 जून को

**सीहोर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 13 जून को प्रातः 10:30 बजे श्रवण एवं वाक बाधित व्यक्तियों के लिए आयोजित प्रदेशव्यापी विधिक साक्षरता शिविर का शुभारंभ होगा। ऑनलाइन शुभारंभ के पश्चात सीहोर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला न्यायालय स्थित समर्थ ई-आर सेंटर में विशेष विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में श्रवण एवं वाक बाधित व्यक्तियों को विधिक सहायता, उनके अधिकारों एवं शासन की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

### विद्यार्थियों को 15 जून तक जमा करना होगा प्रवेश शुल्क

**सीहोर।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु संचालित ई-प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत एनसीटीई पाठ्यक्रमों (बी.एड., एम.एड., बी.पी.एड., एम.पी.एड. आदि) के प्रथम चरण का महाविद्यालय आवंटन जारी कर दिया गया है। प्रथम चरण में पात्र अभ्यर्थियों को महाविद्यालय आवंटित किए गए हैं। आवंटित अभ्यर्थियों को प्रवेश सुनिश्चित करने के लिये 15 जून 2026 तक निर्धारित शुल्क जमा करना होगा।

### महाविद्यालयों में होगा सामूहिक योग कार्यक्रम

**सीहोर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2026 को प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उच्च शिक्षा विभाग ने इस संबंध में सभी कुलसचिवों, प्राचार्यों एवं संबंधित संस्थानों को निर्देश जारी किए हैं।

# अनदेखीः रावत वेयर हाउस में 284 बोरियां निकली कम, 1500 बोरियों के फर्जीवाड़े की आशंका

### रसूखदारों के हौंसले इतने बुलंद हैं कि कलेक्टर के निर्देशों की अवहेलना करने से नहीं चूके

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा प्रति सोमवार आयोजित होने वाली समय-सीमा (टीएल) की बैठक में समर्थन मूल्य खरीदी को लेकर बेहद स्पष्ट और सख्त निर्देश दिए जा रहे थे। कलेक्टर का साफ कहना था कि उपार्जन कार्य में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लेकिन रसूखदारों के हौसले इतने बुलंद हैं कि कलेक्टर के इन कड़े आदेशों को ठेंगा दिखाते हुए सीहोर विधानसभा के ग्राम दुरगांव स्थित रावत वेयर हाउस में भ्रष्टाचार का एक बड़ा खेल सामने आया है। वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन की जांच में 284 बोरियां तय लक्ष्य से कम निकली है। बता दें समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की समय-सीमा समाप्त होने के बाद नियमों को ताक पर रखकर वेयर हाउस के अंदर गेहूं की बोरियां चोरी-छिपे ठिकाने लगाई जा रही थीं। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन ने एक




जांच समिति गठित की थी। जांच टीम ने अपनी पहली पड़ताल पूरी कर संबंधित विभाग और कलेक्टर को रिपोर्ट सौंप दी है, जिसमें बड़े पैमाने पर अनियमितताएं उजागर हुई हैं।

**1500 बोरियों का था खेल, सत्यापन में खुली पोल :** सूत्रों के मुताबिक यह पूरा गड़बड़झाला करीब 1500 गेहूं की बोरियों को लेकर रचा गया था। दरअसल खरीदी और तुलाई बंद होने के बाद भी रात के सन्नाटे में वेयर हाउस के अंदर गेहूं की बोरियां शिफ्ट की जा रही थीं। यह अवैध माल इसलिए डंप किया जा रहा था ताकि रिकॉर्ड और स्टॉक का मिलान किया जा सके। हालांकि जांच टीम के भौतिक सत्यापन में शुरुआती तौर पर ही 284 बोरियां कम पाई गईं, जिसने सरकारी दावों की पोल खोलकर रख दी है।

**सिस्टम पर खड़े हुए सवाल :** इधर इस गड़बड़झाले ने

### दोषियों को नोटिस देने की तैयारी

इस वीआईपी ट्रीटमेंट और गड़बड़झाले से जिले के अन्य वेयर हाउस संचालकों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि रसूखदारों को अवैध माल खपाने की खुली छूट दी गई है। यदि सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। इधर प्रभारी शाखा प्रबंधक वेयर हाउस कॉरपोरेशन एएल सूर्यवंशी ने बताया कि दुर्ग गांव के रावत वेयर हाउस में जांच के दौरान अनियमितताएं मिली हैं। खरीदी बंद होने के बाद भी वहां संदिग्ध गतिविधियां जारी थीं, रिपोर्ट सौंप दी गई है। जबकि उपार्जन अधिकारी आकाश चंदेल ने बताया कि वीडियो वायरल होने के बाद जांच टीम ने पड़ताल की, जिसमें गड़बड़ी की पुष्टि हुई है। रावत वेयर हाउस संचालक और संबंधित जिम्मेदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है।

कलेक्टर बालागुरू द्वारा दिए गए सख्त निर्देशों के बाद सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए हैं। दरअसल, जब वेयर हाउस का स्टॉक फ्रीज हो जाता है और चाबियां वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के पास जमा हो जाती हैं तो रात में ताला किसकी अनुमति से ताला खुला। प्रतिबंध के बावजूद रात के अंधेरे में प्राइवेट गाडिय़ा वेयर हाउस के अंदर कैसे दाखिल हुईं।

### सर्वर डाउन, ओटीपी और लंबी प्रक्रिया के चलते किसान ऑनलाइन केंद्रों के चक्कर काट रहे

# खाद के लिए परेशान किसान, ई-टोकन व्यवस्था बनी मुसीबत, धूप में कतारें, सर्वर ने बढ़ाई परेशानी

किसान जितेंद्र ने बताया कि पिछले चार दिनों से वह खाद के लिए परेशान हो रहे हैं। केंद्रों पर कर्मचारी समय पर नहीं पहुंचते और एक ही खिड़की से पूरा काम होने के कारण लंबी कतारें लग रही हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले में खरीफ सीजन की शुरुआत से पहले लागू की गई ई-टोकन खाद वितरण व्यवस्था किसानों के लिए सिरदर्द बन गई है। सरकार और प्रशासन ने दावा किया था कि ऑनलाइन प्रणाली से किसानों को घर बैठे खाद उपलब्ध होगी, लेकिन जमीनी हकीकत इसके ठीक उलट दिखाई दे रही है। खाद वितरण केंद्रों के बाहर किसान घंटों तपती धूप में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। कई किसानों को दो से तीन दिन तक चक्कर लगाने के बाद भी खाद नहीं मिल पा रही है।

### बोवनी का समय, लेकिन खाद के लिए भटक रहे किसान

मौसम विभाग ने प्रदेश में जल्द मानसून आने की संभावना जताई है। ऐसे में किसान खेतों की तैयारी में जुट चुके हैं और पहली बारिश के साथ बोवनी शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। लेकिन खाद की उपलब्धता में आ रही दिक्कतों ने उनकी चिंता



बढ़ा दी है। किसानों का कहना है कि खेती का पूरा चक्र समय पर निर्भर करता है और खाद मिलने में हो रही देरी उत्पादन को प्रभावित कर सकती है।

### सर्वर डाउन, ओटीपी और लंबी प्रक्रिया से बढ़ी परेशानी

ग्राम सेमरादांगी के किसान जितेंद्र ने बताया कि पिछले चार दिनों से वह खाद के लिए परेशान हो रहे हैं। केंद्रों पर कर्मचारी समय पर नहीं पहुंचते और एक ही खिड़की से पूरा काम होने के कारण लंबी कतारें लग रही हैं। वहीं किसान विनय का कहना है कि ऑनलाइन बुकिंग कराने में अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है। यदि तीन दिन के भीतर खाद नहीं मिलती तो चालान निरस्त हो जाता है और फिर से आवेदन करना पड़ता है। कभी सर्वर डाउन हो जाता है तो कभी ओटीपी नहीं आता। ऐसे में किसानों को बार-बार ऑनलाइन केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

**1.45 लाख किसानों में सिर्फ 33 हजार के पास फार्मर आईडीः**नई व्यवस्था की सबसे बड़ी चुनौती फार्मर आईडी को लेकर सामने आई है। जिले में लगभग 1 लाख 45 हजार किसानों में से केवल 33 हजार किसानों की ही फार्मर आईडी बन सकी है। यानी 75 प्रतिशत से अधिक किसान अभी भी इस व्यवस्था से पूरी तरह नहीं जुड़ पाए हैं। जिन किसानों की जमीन आधार से लिंक नहीं है, खातों की केवाईसी अधूरी है या जो बटाई और किराए पर खेती करते हैं, वे सबसे ज्यादा परेशान हैं। किसानों का आरोप है कि बिना पूरी तैयारी के नई व्यवस्था लागू कर दी गई।

### प्रशासन का दावा- जिले में पर्याप्त खाद उपलब्ध

किसानों की शिकायतों के बीच कृषि विभाग लगातार यह दावा कर रहा है कि जिले में खाद का पर्याप्त भंडार मौजूद है। विभाग के अनुसार वर्तमान में जिले में 24,017 मीट्रिक टन यूरिया, 3,505 मीट्रिक टन डीएपी, 7,127 मीट्रिक टन एनपीके, 4,856 मीट्रिक टन एसएसपी और 316 मीट्रिक टन एमओपी उपलब्ध है। इस प्रकार जिले में कुल 39,822 मीट्रिक टन उर्वरक का स्टॉक मौजूद है। विभाग का कहना है कि सेवा सहकारी समितियों, मार्कफेड केंद्रों, एमपी एग्रो और निजी विक्रेताओं के माध्यम से खाद उपलब्ध कराया जा रहा है तथा आपूर्ति लगातार जारी है।

### कालाबाजारी की शिकायतों पर प्रशासन सख्त

उप संचालक कृषि ए.के. उपाध्याय के अनुसार खाद वितरण पूरी तरह ऑनलाइन किया गया है और किसानों की सुविधा के लिए फार्मर आईडी अनिवार्य की गई है। प्रशासन को कुछ स्थानों से अधिक कीमत वसूलने और बिना रसीद खाद बेचने की शिकायतें मिली हैं। ऐसे मामलों में कार्रवाई और छापेमारी की चेतावनी भी दी गई है।

### व्यवस्था बदलने की उठी मांग

अहिरवार समाज संघ मध्य प्रदेश के प्रांतीय सचिव विनोद बड़ोदिया ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से खाद वितरण प्रणाली में बदलाव की मांग की है। उनका कहना है कि ई-टोकन व्यवस्था किसानों के लिए राहत नहीं बल्कि नई मुसीबत बन गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसान खाद के लिए कई-कई दिन परेशान हो रहा है, जबकि बोवनी का समय तेजी से निकलता जा रहा है। किसान संगठनों और सामाजिक प्रतिनिधियों का कहना है कि यदि जल्द व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो खरीफ सीजन प्रभावित हो सकता है। किसानों की मांग है कि ऑनलाइन प्रक्रिया को सरल बनाया जाए या फिर पुरानी व्यवस्था बहाल कर समय पर खाद उपलब्ध कराई जाए, ताकि खेती और उत्पादन पर कोई असर न पड़े।

## स्वर्णकार समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष रमेशचंद सोनी को दी अंतिम विदाई

**नलखेड़ा।** मध्यप्रदेश मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज प्रांतीय संगठन के प्रदेश संरक्षक तथा समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रमेशचंद सोनी का गुरुवार रात्रि में निधन हो गया। शुक्रवार को उनकी अंतिम यात्रा स्वनिवास से नगर में निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों व समाजजनों द्वारा भाग लेकर नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी गई। भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व पार्षद,जिला सहकारी बैंक के पुर्व डायरेक्टर , पूर्व एलएसएस अध्यक्ष,



मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के प्रदेश संरक्षक रमेशचंद सोनी का 80 वर्ष की आयु में गुरुवार रात्रि लगभग 9 बजे निधन हो गया। स्व सोनी लंबे समय से अस्वस्थ्य थे। स्व सोनी की अंतिम यात्रा शुक्रवार प्रातः 10 बजे उनके निवास स्थान चौक बाजार से निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक व समाजजन शामिल हुए। स्व सोनी सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष हीरालाल, प्रेमचंद, कैलाशचंद, लालचंद, विष्णु प्रसाद, राधेश्याम, अशोक गोपाल के बड़े भाई एवं कृष्णदास (नाना ), चतुर्भुज, संदीप, के पिताजी थे। जो अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गए हैं। मुक्तिधाम पर उनके पुत्रों तथा परिजनों द्वारा उन्हें मुखाग्नि दी गई। मुक्तिधाम पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में स्वर्णकार समाज के वरिष्ठ राजमल सोनी कानड , पूर्व विधायक बद्रीलाल सोनी , फूलचंद वेदिया, भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक लोढ़ा आदि ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए ।

## विश्व क्लब फुट दिवस पर जिला चिकित्सालय में आयोजित हुआ निःशुल्क जांच एवं उपचार शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

विश्व क्लब फुट दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) अंतर्गत जिला चिकित्सालय आगर-मालवा में अनुष्का फाउंडेशन के सहयोग से टेढ़े-मेढ़े पैर (क्लब फुट) से ग्रसित बच्चों का पंजीयन कर निःशुल्क जांच एवं उपचार किया गया। शिविर में अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. धीरेन्द्र सिंह ठाकुर एवं डॉ. गोपाल राव द्वारा बच्चों की जांच कर आवश्यक उपचार एवं परामर्श प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ. विजय



सागरिया, डॉ. आलोक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक आरबीएसके मांगूसिंह पंवार एवं अनुष्का फाउंडेशन के जिला समन्वयक दिनेश सोलंकी सहित स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत अनुष्का फाउंडेशन के सहयोग से प्रत्येक शुक्रवार को जिला



चिकित्सालय आगर-मालवा में क्लब फुट से प्रभावित बच्चों की निःशुल्क जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। क्लब फुट से ग्रसित बच्चों के अभिभावक अधिक जानकारी व उपचार हेतु जिला चिकित्सालय आगर-मालवा के द्वितीय तल स्थित कक्ष 93 में संपर्क कर सकते हैं।

### हाथों में थामी झाड़ू और तसला, श्रमदान किया

# दिखावे की साफ-सफाई से काम नहीं चलेगाः सांसद आलोक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भोपाल लोकसभा क्षेत्र के सांसद आलोक शर्मा ने सीहोर प्रवास के दौरान स्थानीय सीवन नदी के विभिन्न घाटों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान नदी में चारों तरफ फैली गंदगी और भारी मात्रा में जमा जलकुंभी को देखकर वे बेहद नाराज हो गए। घाटों की बदहाली पर सांसद का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने मौके पर मौजूद मुख्य नगरपालिका अधिकारी व अन्य नपा अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई।

निरीक्षण के दौरान सांसद आलोक शर्मा ने अधिकारियों को सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि केवल घाटों के ऊपर-ऊपर सांकेतिक (दिखावे की) साफ सफाई करने से काम नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि पूरी सीवन नदी को जड़ से स्वच्छ बनाना बेहद आवश्यक है। सांसद ने कहा कि उन्होंने खुद नगरपालिका के अधिकारियों को दफ्तरों से निकालकर मैदान में



उतारा है ताकि नदी और घाटों की मुस्तैदी से सफाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था को केवल कागजों और दिखावे तक सीमित न रखकर धरातल पर ठोस काम करके दिखाया जाए।

### हाथों में थामी झाड़ू और तसला किया श्रमदान

नदी को स्वच्छ बनाने के संकल्प के साथ सांसद आलोक शर्मा ने केवल निर्देश ही नहीं दिए, बल्कि वे खुद भी मैदान में उतरे। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, भाजपा नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर नदी किनारे श्रमदान किया। सांसद ने अपने हाथों में झाड़ू और तसले थामकर घाटों पर बिखरे कचरे को साफ किया।

### स्वच्छता सेवकों की पीठ थपथपाई

सफाई अभियान के दौरान सांसद ने नगर पालिका के स्वच्छता सेवकों की कड़ी मेहनत की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि हमारे स्वच्छता सेवक लगातार विपरीत परिस्थितियों में भी सीवर और नदी की साफ सफाई के लिए पूरी निष्ठा से जुटे हुए हैं। सांसद आलोक शर्मा ने सीहोर के स्थानीय नागरिकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सीवन नदी हमारी धरोहर है। नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर और स्थानीय प्रशासन के बेहतर समन्वय व आपसी तालमेल से बहुत जल्द सीवन नदी के सभी घाटों को पूरी तरह स्वच्छ, कचरामुक्त और सुंदर बना दिया जाएगा।

## अन्तर्राष्ट्रीय बालश्रम निषेध दिवस पर श्रमिकों के लिए विधिक जागरुकता शिविर आयोजित

**नलखेड़ा।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष डी एस चौहान के मार्गदर्शन में शुक्रवार को कृषि उपज मंडी आगर मालवा में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी हेमंत मेहरा ने कहा कि भारत ही नही बल्कि सम्पूर्ण विश्व में बालश्रम होता है बाल श्रम के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बालश्रम दिवस मनाया जाता है। बाल श्रम निषेध अधिनियम के अन्तर्गत 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को नियोजित करना अपराध है बच्चों के बचपन को समाप्त नहीं करना चाहिए भारत के संविधान में भी बच्चों के शैक्षणिक विकास के लिए प्रावधान है। श्रमिको के




बच्चे श्रमिक न बने बल्कि अच्छी शिक्षा ग्रहण कर उच्च पदों पर पहुंचे तभी यह दिवस मनाया जाना सार्थक होगा। इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी फारूक अहमद सिद्दीकी ने भी नालसा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवा योजना की जानकारी दी। जिला श्रम पदाधिकारी बी एल राठौर ने श्रमिको के हित में शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में अहिंसा वेलफेयर सोसाइटी के जिला समन्वयक रविन्द्र जाट, पायल शर्मा ने भी बच्चों की तस्करी विषय पर श्रमिको को जागरूक किया। कृषि उपज मंडी के पदाधिकारियों सहित अध्यक्ष, तुलावटी संघ सहित श्रमिक बन्धु उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## सिंहस्थ प्रशिक्षण के द्वितीय बैच को टाउन क्षेत्रों का कराया गया भ्रमण



**देवास।** एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देशन में सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय बैच को थाना प्रभारी यातायात पवन बागड़ी द्वारा सेटेलाइट टाउन क्षेत्रों का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को सिंहस्थ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं के आवागमन, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, अस्थायी आवासीय व्यवस्थाओं तथा विभिन्न प्रशासनिक व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही सेटेलाइट टाउन की उपयोगिता एवं बड़े धार्मिक आयोजनों में उनकी भूमिका के बारे में भी अवगत कराया गया।प्रशिक्षणार्थियों को भ्रमण के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण कराते हुए भीड़ नियंत्रण, मार्ग प्रबंधन, आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया तथा समन्वित पुलिसिंग की कार्यप्रणाली से परिचित कराया गया। इस अवसर पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु किए जाने वाले नवाचारों एवं व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की गई।

## प्राचार्य सूर्यवंशी ने ग्रहण किया पदभार

**देवास।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय टोंकला के प्राचार्य भूपेन्द्र सिंह सूर्यवंशी ने गुरुवार को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, टोंक खुर्द के पद का कार्यभार ग्रहण किया। उनके बीईओ बनने पर पूरे शिक्षा विभाग में हर्ष व्याप्त है।उल्लेखनीय है कि सूर्यवंशी द्वारा प्राचार्य पद पर रहते हुए टोंकला विद्यालय के परीक्षा परिणामों में अत्यंत सुधार किया गया। उनके कार्यकाल में न केवल बोर्ड परीक्षा का परिणाम उत्कृष्ट रहा, बल्कि शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन एवं विद्यालयीन गतिविधियों में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई। पदभार ग्रहण के अवसर पर उप-प्राचार्य विष्णु प्रसाद आर्य, वरिष्ठ शिक्षक अर्जुन सिंह चावड़ा, इशिक्षिका रचना चौहान सहित समस्त टोंकला परिवार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सूर्यवंशी को हार्दिक बधाई दी।

### कृषि उपज मंडी देवास में विकासखंड स्तरीय जनकल्याण शिविर का शुभारंभ

# अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा : विधायक चौधरी

**शिविर में रोजगार मेला, दिव्यांगजनों के लिए शिविर तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी के लिए लगाए गए स्टॉल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास




राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के अन्तर्गत छूटे हुये पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए 12 से 18 जून 2026 तक प्रत्येक विकासखण्ड एवं नगरीय निकाय मुख्यालयों पर 03 दिवसीय 'जनकल्याण शिविर' का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत देवास में विकास खंडस्तरीय जन कल्याण शिविर का आयोजन कृषि उपज मंडी प्रांगण में हुआ। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी के लिए स्टॉल लगाए गए। विधायक मनोज चौधरी, कलेक्टर ऋतुराज सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ ज्योति शर्मा सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण भी किया। शिविर में विधायक हाटपीपल्या मनोज चौधरी ने जनकल्याण शिविर को 'एक पंथ सौ काज' की संज्ञा देते हुए कहा है कि इन शिविरों के माध्यम से शासन के सभी विभागों की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को एक ही स्थान पर मिल रहा है। इससे नागरिकों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दूरगामी सोच का ही परिणाम है, जिसके तहत पंक्ति के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। शिविरों में सभी विभागों के अधिकारी एक ही जगह उपस्थित होकर नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण कर रहे हैं।कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने कहा कि अंतिम छोर पर बैठे पात्र नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना और उनकी समस्याओं का मौके पर ही त्वरित निराकरण करना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य के साथ जिले में 12 से 18 जून तक विशेष जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में देवास में तीन दिवसीय विकासखंड स्तरीय शिविर का शुभारंभ किया गया। कलेक्टर ने बताया कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य उन पात्र नागरिकों को लाभान्वित करना है, जो किन्हीं कारणों से अब तक योजनाओं के लाभ से वंचित रह गए थे। शिविर स्थल पर सभी शासकीय विभागों द्वारा 'हितग्राहीमूलक योजनाओं' की जानकारी और सहायता के लिए विशेष स्टॉल लगाए गए हैं, जहाँ नागरिक अपनी समस्याओं का तत्काल निराकरण करा सकते हैं। सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा ने कहा कि जनकल्याण शिविर में ज्यादा से ज्यादा नागरिक आवेदन दें। शिविर में सभी नागरिकों की समस्या का निकाकरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इन जनकल्याण शिविरों का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। शिविर स्थल पर ही प्राप्त आवेदनों का परीक्षण किया जाएगा और नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। शिविर में संबल योजना, सामाजिक न्याय विभाग की पेंशन योजना, मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना, लाडली लक्ष्मी योजना सहित अन्य हितग्राहिमूलक योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को दिया गया। शिविर में देवास विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया और अपनी समस्याओं के निराकरण के साथ-साथ शासकीय योजनाओं का लाभ उठाया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश पटेल, जनपद उपाध्यक्ष कलाबाई यादव, ज़िला पंचायत सदस्य शिवम चौधरी, जनपद सदस्य वरुण चौधरी, जनपद सदस्य बालाराम कुमोद सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं नागरिकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मनोज दुबे ने किया।



## सोनकच्छ में आयोजित हुआ जनकल्याण शिविर

**देवास।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के अन्तर्गत छूटे हुये पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए 12 से 18 जून 2026 तक प्रत्येक विकासखण्ड एवं नगरीय निकाय मुख्यालयों पर 03 दिवसीय 'जनकल्याण शिविर' का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत जनपद पंचायत सोनकच्छ द्वारा कृषि उपज मंडी प्रांगण में जनकल्याण शिविर' शुभारम्भ किया गया। शिविर में दिव्यांजन को कान की मशीन, सुगम्य केन, ब्रेल किट, व्हील चेयर, छड़ी, आदि उपकरण वितरित किए गए। सभी विभागों द्वारा अपनी अपनी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष सूरज सिंह ठाकुर, विजेंद्र सिंह, एसडीएम आनंद मालवीय, तहसीलदार नेहा शाह, सीईओ जनपद पंचायत सोनकच्छ गीतिका सोनी, प्रभारी बीपीओ धीरज सिंह ठाकुर सहित समस्त 21 विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



# जिला अस्पताल की बड़ी लापरवाही, कचरे में मिला मेडिकल वेस्ट

**निगम ने लगाया 50 हजार का जुर्माना**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

शहर के महात्मा जिला अस्पताल की बड़ी लापरवाही सामने आई है। नगर निगम ने अस्पताल पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने संक्रमित मेडिकल वेस्ट को सामान्य कचरे के साथ मिलाकर फेंक दिया, जिससे बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन नियमों का उल्लंघन हुआ।

शुक्रवार सुबह नगर निगम की टीम ने औचक निरीक्षण किया। कचरा संग्रहण के दौरान संदेह होने पर टीम ने मौके पर ही कचरा खाली करवाकर जांच की। जांच में संक्रमित रक्त से संबंधित सामग्री, उपयोग की जा चुकी सुइयां तथा अन्य बायोमेडिकल वेस्ट सामान्य कचरे के साथ मिला पाया गया।मुख्य स्वच्छता निरीक्षक रवि गोयनार ने बताया कि जिला अस्पताल को इस संबंध में पहले भी कई बार चेतावनी दी जा चुकी है, लेकिन अस्पताल प्रबंधन द्वारा आवश्यक सुधार नहीं किया गया।

उन्होंने बताया कि पूर्व में भी इसी तरह की लापरवाही के कारण अस्पताल पर 75 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया था, जिसका भुगतान अभी तक लंबित है।नगर निगम ने चेतावनी दी है कि यदि इस बार भी जुर्माने का भुगतान नहीं किया गया और व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो जिला अस्पताल से कचरा उठाने की सेवा बंद की जा सकती है।विशेषज्ञों के अनुसार संक्रमित मेडिकल कचरे को सामान्य कचरे में मिलाना न केवल नियमों का गंभीर उल्लंघन है, बल्कि इससे सफाई कर्मचारियों और आम नागरिकों के स्वास्थ्य पर भी खतरा बढ़ सकता है। अस्पताल प्रबंधन की कार्यप्रणाली और जवाबदेही पर सवाल खड़े हो गए हैं।

## श्री खाटू श्याम मंदिर में 2 क्विंटल खिचड़ी प्रसाद का वितरण, 10-15 श्रद्धालुओं ने किया तुलादान



**भौरासा।** नेवरी फाटा धाम स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में एकादशी के अवसर पर गुरुवार को बाबा श्याम का भव्य दरबार एवं विशाल कीर्तन कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र सहित आसपास के गांवों से हजारों श्याम भक्त दर्शन के लिए पहुंचे। सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिर में आवागमन जारी रहा तथा दर्शनार्थ मंदिर के पट पूरे दिन खुले रहे।मंदिर में महाआरती और ज्योत दर्शन किए गए। रात्रि 8 बजे से आयोजित भजन-कीर्तन में प्रसिद्ध भजन गायिका गुनगुन-गुंजन तिवारी सिस्टर्स (शाहगंज) तथा जितेंद्र चावड़ा (नेवरी फाटा) ने बाबा श्याम के मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की विशेषता तुलादान रही, जिसमें करीब 10 से 15 श्रद्धालुओं ने तुलादान किया। इस अवसर पर श्री श्याम मंदिर समिति, नेवरी फाटा धाम द्वारा श्रद्धालुओं के लिए 2 क्विंटल साबूदाना खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया।

# इंदौर-बैतूल हाईवे पर ट्रक कटिंग का किया खुलासा एक आरोपी गिरफ्तार, 8 मोटर पंप किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापड़ा



कमलापुर पुलिस ने इंदौर-बैतूल हाईवे पर चलती ट्रक से माल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गए किर्लोस्कर कंपनी के 8 मोटर पंप बरामद किए हैं, जिनकी कीमत करीब 1.03 लाख रुपये बताई गई है। थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने बताया कि 6 जून को फरियादी सुनील भलावी (40), निवासी कुश्मेली मंडी, जिला छिंदवाड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरियादी ने बताया कि वह 3 जून को देवास स्थित किर्लोस्कर कंपनी से मोटर पंप लोड कर आईसर वाहन से नागपुर के लिए रवाना हुआ था।

रास्ते में इंदौर-बैतूल हाईवे पर ग्राम धनतलाब के पास अज्ञात बदमाशों ने चलती गाड़ी की त्रिपाल काटकर पीछे से 8 मोटर पंप चोरी कर लिए।थाना प्रभारी कमलापुर के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों की पहचान की।

जांच के दौरान गुरुवार को आरोपी जितेन्द्र झांझा (38) निवासी धानीघाटी, थाना हाटपीपल्या को गिरफ्तार किया गया।आरोपी के कब्जे से चोरी गए सभी 8 मोटर पंप बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस के अनुसार मामले में शामिल अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।इस कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक भीमसिंह, प्रधान आरक्षक भगवती प्रसाद खरे, राजेंद्र शर्मा, योगेश यादव, आरक्षक अरुण वर्मा, विवेक, महिला आरक्षक वंदना प्रजापति तथा सैनिक विष्णु प्रसाद सोनी और रविंद्र मालवीय की भूमिका रही।

# रास्ते के विवाद में मारपीट करने वाले 10 आरोपी गिरफ्तार कमलापुर पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापड़ा




पुलिस थाना कमलापुर क्षेत्र के ग्राम बेड़ामऊ में रास्ते के विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों से जुड़े 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी संभावित गंभीर घटना को रोकने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई।जानकारी के अनुसार 9 जून को ग्राम बेड़ामऊ में रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हो गई थी, जो बाद में झगड़े और मारपीट में बदल गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीओपी बागली संजय सिंह बेस के निर्देशन में थाना प्रभारी कमलापुर उप निरीक्षक सर्जन सिंह मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गुरुवार को पुलिस ने घटना में शामिल आरोपियों की तलाश कर उन्हें गिरफ्तार किया। इसके बाद सभी आरोपियों को एसडीएम न्यायालय बागली में पेश किया गया।गिरफ्तार आरोपियों में जसवंत सिंह, जय सिंह, बलराम, गजराज सिंह पिता जगन्नाथ सिंह, जयपाल सिंह पिता जसवंत सिंह, राहुल पिता कोकसिंह, गोविंद पिता कृपाल सिंह, अनिल पिता सोबल सिंह, विजेंद्र सिंह पिता आनरसिंह, धीरज सिंह पिता मनोहर सिंह, कृपाल सिंह पिता मांगीलाल एवं सोबल सिंह पिता मांगीलाल, सभी निवासी ग्राम बेड़ामऊ शामिल हैं। थाना प्रभारी उप निरीक्षक सर्जन सिंह मीणा, सहायक उप निरीक्षक भीम सिंह गणावा, प्रधान आरक्षक राजेंद्र शर्मा, अरुण आर्य, रायचंद, भगवती प्रसाद खरे, आरक्षक विवेक, दिलीप सोलंकी, जीवन मालवीय तथा सैनिक विष्णु सोनी की सराहनीय भूमिका रही।

### शहीद संदीप यादव की पुण्यतिथि पर दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि, डीजीपी ने किया सम्मान

# जनप्रतिनिधि, पुलिस और ग्रामीणों ने अर्पित किए श्रद्धासुमन






हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौरासा

देवास जिले के गौरव, ग्राम कुलाला निवासी वीर शहीद संदीप यादव की पुण्यतिथि एवं शहीद दिवस पर शुक्रवार को उनके स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भोपाल से पहुंचे सीआरपीएफ के डीजीपी अविनाश सरन ने शहीद की प्रतिमा एवं चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की तथा वीरांगना एवं परिजनों का सम्मान किया।कार्यक्रम की शुरुआत शहीद संदीप यादव की वीरांगना एवं परिवारजनों द्वारा पूजा-अर्चना और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीद को श्रद्धांजलि दी। डीजीपी अविनाश सरन ने वीरांगना को स्मृति चिन्ह, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया तथा परिवार की समस्याओं की जानकारी लेकर उनके समाधान का आश्वासन दिया।इस अवसर पर सीआरपीएफ के अधिकारियों एवं जवानों के साथ नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जयसिंह राणा, जिंप सदस्य बने सिंह अस्थाया सहित जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, प्रेस क्लब पदाधिकारी, थाना प्रभारी अनीता सिंह एवं पुलिस स्टाफ तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी ने वीर शहीद संदीप यादव के बलिदान को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर अवैध शराब की जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

शहर के नाहर दरवाजा थाना क्षेत्र में मुक्तिधाम के पास एक मकान पर पुलिस ने शुक्रवार को अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में देशी शराब बरामद की और खारी बावड़ी निवासी अनिल परिहार को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मुक्तिधाम के पास एक घर में अवैध रूप से शराब का भंडारण किया गया है। इस सूचना के आधार पर नाहर दरवाजा पुलिस टीम ने तत्काल दबिश दी।तलाशी के दौरान मकान से आधा दर्जन देशी शराब की पेटियां बरामद की गईं।

जांच में यह भी सामने आया कि कुछ शराब पशुओं के तबेले में छिपाकर रखी गई थी, ताकि किसी को इसकी भनक न लग सके। एएसआई राकेश बौराशी ने बताया कि मौके से बरामद शराब को जब्त कर लिया गया है। आरोपी अनिल परिहार के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

### हल्दी, धनिया और मिर्च पाउडर के नमूने लिए, 43 हजार से अधिक का माल किया सीज

# बिना लाइसेंस चल रही मसाला पैकिंग यूनिट पर खाद्य विभाग ने मारा छापा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मसालों की गुणवत्ता जांच के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जाखलौन क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक मसाला पैकिंग इकाई पर छापामार कार्रवाई की। जांच के दौरान बिना वैध लाइसेंस संचालित हो रही यूनिट से मसालों के नमूने संग्रहित किए गए तथा बड़ी मात्रा में खाद्य सामग्री और पैकिंग सामग्री को सीज कर दिया गया।



आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश लखनऊ तथा जिलाधिकारी ललितपुर के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने खुशीपुरा, जाखलौन स्थित रिया गोल्ड मसाले प्रतिष्ठान पर छापा मारा। यह प्रतिष्ठान रामकुमार साहू द्वारा संचालित किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान प्रतिष्ठान में रखे हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर और मिर्च पाउडर के एक-एक नमूने संग्रहित कर परीक्षण हेतु भेजे गए। इसके साथ ही 13 किलोग्राम हल्दी (मूल्य लगभग 2,600 रुपये), 200 किलोग्राम धनिया पाउडर (मूल्य लगभग 30,000 रुपये) तथा 45 किलोग्राम मिर्च पाउडर (मूल्य लगभग 11,250 रुपये) को सीज कर दिया गया। जांच के दौरान जब खाद्य कारोबारकर्ता से खाद्य लाइसेंस एवं पंजीकरण प्रस्तुत करने को कहा गया तो उसके पास वैध लाइसेंस अथवा आवश्यक पंजीकरण उपलब्ध नहीं पाया गया। निरीक्षण में 25 बोरियों में रखी लगभग 625 किलोग्राम पैकिंग सामग्री भी बरामद हुई, जिसे विभागीय टीम ने सीज कर दिया। खाद्य कारोबारकर्ता ने पूछताछ में बताया कि वह ललितपुर से मसाले पिसवाकर अपने घर पर उनकी पैकिंग करता है। हालांकि उसके पास केवल खुदरा व्यापार का पंजीकरण था, जबकि इस प्रकार की पैकिंग एवं निर्माण संबंधी गतिविधियों के लिए आवश्यक लाइसेंस उपलब्ध नहीं था। इस पर विभाग ने लाइसेंस एवं आवश्यक पंजीकरण प्राप्त होने तक उसके व्यवसाय का संचालन बंद करा दिया।

**खाद्य विभाग की सख्ती से मचा हड़कंप**

मसालों की गुणवत्ता और खाद्य सुरक्षा मानकों की जांच के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र के खाद्य कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिना लाइसेंस एवं मानकों के विपरीत खाद्य कारोबार करने वालों के विरुद्ध आगे भी अभियान जारी रहेगा।

अधिकारियों ने बताया कि खाद्य पदार्थों के नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस छापामार कार्रवाई में सहायक आयुक्त खाद्य-द्वितीय विनोद कुमार शर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस.एस. निरंजन एवं नागेंद्र कुमार शामिल रहे।

### अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग का अभियान तेज

# कबूतरा डेरों और शराब अड्डों पर छापेमारी, पांच आरोपी गिरफ्तार

**65 लीटर कच्ची शराब बरामद**

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिलाधिकारी के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को आबकारी टीम ने शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक छापेमार कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया तथा बड़ी मात्रा में अवैध कच्ची शराब बरामद की।

आबकारी विभाग की टीम ने शहर एवं आसपास के विभिन्न क्षेत्रों में कबूतरा जनजाति द्वारा संचालित किए जा रहे कथित शराब अड्डों पर दबिश दी। इसके अलावा कबूतरा डेरा घटवार में भी विशेष अभियान चलाकर तलाशी एवं जांच की गई। कार्रवाई के दौरान टीम ने संदिग्ध स्थानों पर गहन जांच करते हुए अवैध शराब की बिक्री और निर्माण से जुड़े लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। इसके साथ ही बानपुर क्षेत्र में परचून और किराना दुकानों सहित विभिन्न प्रतिष्ठानों की भी जांच की गई, ताकि अवैध रूप से शराब की बिक्री पर रोक लगाई जा सके। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर संदिग्ध गतिविधियों की जांच की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अभियान के दौरान कुल पांच



अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही उनके कब्जे से 65 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। बरामद शराब को जब्त करते हुए संबंधित आरोपियों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। विभाग ने लोगों से भी अपील की है कि अवैध शराब से संबंधित किसी भी सूचना की जानकारी प्रशासन को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

### ऑयल पेंटिंग की बारीकियां सीख रहे

# विशिष्ट कला शिविर के माध्यम से आकार ले रहीं शकुंतला



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

सिद्धन रोड स्थित कला भवन में वरिष्ठ कलाविद् ओमप्रकाश बिरथरे के निर्देशन में आयोजित विशिष्ट कला शिविर पेंटिंग विद ऑयल कलर्स में प्रतिभागी कलाकार तैल चित्रकला की विभिन्न तकनीकों का गहन प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। 24 मई से प्रारंभ हुआ यह शिविर 21 जून 2026 तक चलेगा, जिसमें 32 कलासाधक ऑयल पेंटिंग के माध्यम से चित्र निर्माण की बारीकियां सीख रहे हैं। शिविर के प्रारंभिक चरण में प्रतिभागियों को हिंदी एवं अंग्रेजी कैलीग्राफी के साथ-साथ कैनवास, एमडीएफ बोर्ड तथा भित्ति चित्रों के लिए आधार (बेस) तैयार करने की विधियां सिखाई गईं। इसके बाद कलासाधकों ने पौराणिक कथा पर आधारित शकुंतला के चित्रांकन और तैल रंगों से उसे जीवंत बनाने का अभ्यास किया। प्रतिभागियों द्वारा तैयार किए गए चित्रों में उनकी रचनात्मकता और कलात्मक दक्षता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है।

प्रशिक्षण के दौरान कलासाधकों को शकुंतला के जीवन और उनके ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व से भी परिचित कराया गया। बताया गया कि शकुंतला ऋषि विश्वामित्र और अप्सरा मेनका की पुत्री थीं। जन्म के बाद माता-पिता द्वारा त्याग दिए जाने पर एक पक्षी (शकुन) ने उनकी रक्षा की, जिसके कारण उनका नाम शकुंतला पड़ा। बाद में महर्षि कण्व ने उनका पालन-पोषण किया। हस्तिनापुर के राजा दुष्यंत से विवाह के बाद उनके पुत्र भरत का जन्म हुआ, जो आगे चलकर चक्रवर्ती सम्राट बने। सम्राट भरत के नाम पर ही देश का नाम भारत पड़ा। यह कथा महाभारत के आदिपर्व में वर्णित है, जिसे महाकवि कालिदास ने अपने प्रसिद्ध नाटक अभिज्ञान शाकुन्तलम में अमर कर दिया।

### 0 से 5 वर्ष के मूक-बधिर बच्चों के लिए कॉकलियर इम्प्लांट सर्जरी योजना

**ललितपुर।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे बच्चों के लिए कॉकलियर इम्प्लांट सर्जरी योजना संचालित की जा रही है, जो सुनने और बोलने में असमर्थ हैं। योजना के तहत पात्र बच्चों का चिन्हांकन कर चिकित्सकीय परीक्षण के उपरांत निशुल्क सर्जरी कराई जाएगी। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी शुभांशु सोनकर ने बताया कि निदेशालय दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग लखनऊ के निर्देशानुसार इस योजना में प्रत्येक पात्र बच्चे के लिए 6 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। सर्जरी का कार्य एस.एन. मेहरोत्रा ईएनटी फाउंडेशन, कानपुर के माध्यम से कराया जाता है। उन्होंने बताया कि कॉकलियर इम्प्लांट एक आधुनिक चिकित्सा तकनीक है, जिसके माध्यम से जन्मजात अथवा अन्य कारणों से सुनने की क्षमता से वंचित बच्चों को सुनने और बोलने में सहायता मिलती है। समय रहते सर्जरी होने से बच्चों के सामान्य विकास और शिक्षा में भी मदद मिलती है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने अभिभावकों से अपील की है कि यदि उनके परिवार में 0 से 5 वर्ष आयु का कोई बच्चा सुनने एवं बोलने में असमर्थ है तो वह योजना का लाभ ले सकते हैं।

### ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से की शिकायत

# ग्रामसभा की 200 एकड़ से अधिक सरकारी भूमि पर कब्जे का आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

तहसील महरौनी के ग्राम डोंगरखुर्द में ग्रामसभा की करीब 200 एकड़ से अधिक सरकारी भूमि पर कथित अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। ग्राम प्रधान के नेतृत्व में ग्रामीणों ने शुक्रवार को जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर मामले की जांच कर अवैध कब्जा हटाने तथा पात्र भूमिहीन परिवारों को भूमि आवंटित किए जाने की मांग की। ग्रामीणों द्वारा दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि गांव के एक व्यक्ति ने दबंगई और प्रभाव के बल पर ग्रामसभा की सरकारी भूमि पर लंबे समय से कब्जा कर रखा है।

ग्रामीणों का कहना है कि उक्त भूमि ग्राम समाज और गौशाला की संपत्ति है, लेकिन कब्जे के कारण उसका उपयोग सार्वजनिक हित और ग्राम पंचायत की योजनाओं के लिए नहीं हो पा रहा है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, यदि भूमि को कब्जामुक्त कराया जाता है तो ग्राम पंचायत की बैठक आयोजित कर पट्टा पात्रता श्रेणी में आने वाले गरीब, भूमिहीन, अनुसूचित जाति एवं अन्य जरूरतमंद परिवारों को भूमि का आवंटन किया जा सकता है। इससे अनेक परिवारों को आजीविका का स्थायी साधन उपलब्ध हो सकेगा। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि गांव में बड़ी संख्या में ऐसे परिवार हैं, जिनके पास खेती योग्य भूमि नहीं है और वे लंबे समय से सरकारी भूमि पर पट्टा दिए जाने की मांग कर रहे हैं। ऐसे में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा बने रहने से पात्र लोगों को उनका अधिकार नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, राजस्व अभिलेखों का परीक्षण करवाने तथा यदि अवैध कब्जा पाया जाए तो तत्काल कब्जा हटाकर भूमि को ग्राम पंचायत के नियंत्रण में दिलाने की मांग की है। साथ ही दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई किए जाने का भी अनुरोध किया है। शिकायत सौंपने के दौरान ग्राम प्रधान सेनापति सहित कड़ेरी, भगवानदास, रामदयाल, दौलत, नीतेश, किरण, नीरज, सुनील, मुन्ना, घसीटे, छोटेलाल, राशिद, शनि, दरयाब, सुक्कन, कृपाल, शेरसिंह, रामकुमार, अशोक, रामकिशन, संतोष, रामपाल, भरत, रामचरन, दयाराम समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### महिला ने की उच्चस्तरीय जांच की मांग

# फर्जी हदबंदी और अधिकारियों की मिलीभगत का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

एक महिला ने स्वयं को न्याय दिलाने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री, राजस्व परिषद, मंडलायुक्त झांसी तथा जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर भूमाफिया और राजस्व अधिकारियों की कथित मिलीभगत से फर्जी हदबंदी आदेश पारित कराने का गंभीर आरोप लगाया है।

शिकायतकर्ता ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। शिकायतकर्ता मड़ावरा व हाल मुख्यालय निवासी सावना पत्नी राजेश कुमार ने आरोप लगाया है कि मड़ावरा क्षेत्र के निवासी कैलाशचंद्र द्वारा राजस्व अधिकारियों के सहयोग से भूमि संबंधी हदबंदी वाद में फर्जी तरीके से आदेश प्राप्त किया गया। उन्होंने बताया कि आराजी संख्या 725/0.827 हेक्टेयर एवं 728/0.687 हेक्टेयर से संबंधित हदबंदी वाद वर्ष 2016 में एसडीएम न्यायालय मड़ावरा में दायर किया गया था। शिकायत में कहा गया है कि वाद में संबंधित पक्षकारों को विधिवत शामिल नहीं किया गया और मृतक कृषकों को पक्षकार बनाकर आदेश प्राप्त कर लिया गया। जबकि वास्तविक प्रभावित पक्षों को न्यायालय में पक्षकार नहीं बनाया गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि यह प्रक्रिया उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के निर्धारित न्यायिक सिद्धांतों के विपरीत है। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि हदबंदी वाद में आवश्यक बैंक चालान एवं अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए, इसके बावजूद हदबंदी आदेश पारित कर दिया गया। उन्होंने इसे विधि विरुद्ध बताते हुए पूरे प्रकरण की जांच कराने की मांग की है। शिकायत पत्र में उल्लेख किया गया है कि संबंधित भूमि को वर्ष 2004 में जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के पेट्रोल पंप स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रदान किया गया था तथा उसी वर्ष भूमि को आबादी घोषित किया गया था। इसके बावजूद वर्ष 2016 में उसी भूमि पर हदबंदी आदेश पारित किया जाना संदेहास्पद बताया गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि उक्त प्रकरण में तत्कालीन परगनाधिकारी, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल एवं तहसील स्तर के अन्य अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध रही है, मामले में कार्रवाई करने की मांग की गई है।

### वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश सोनी की सातवीं पुण्यतिथि पर प्रेस क्लब ने दी श्रद्धांजलि

# जिला अस्पताल परिसर में असहायों को कराया भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



प्रेस क्लब (रजि.) के तत्वावधान में शुक्रवार को वरिष्ठ पत्रकार एवं कीर्तिशेष स्व.ब्रजेश सोनी की 7वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस दौरान आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पत्रकारों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा पत्रकारिता और समाज सेवा के क्षेत्र में उनके योगदान को स्मरण किया।

अध्यक्षता प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले (सप्पू) ने की। उन्होंने कहा कि स्व.ब्रजेश सोनी ने अपनी निष्पक्ष, निर्भीक और जनहितैषी पत्रकारिता के माध्यम से हमेशा गरीब, शोषित और वंचित वर्ग की आवाज को बुलंद किया। श्रद्धांजलि सभा के उपरांत प्रेस क्लब द्वारा सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए जिला अस्पताल परिसर स्थित अन्नपूर्णा भोजनालय में गरीब, पीड़ित एवं असहाय लोगों के लिए भोजन वितरण की व्यवस्था की गई। इस दौरान जरूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध कराकर स्व. ब्रजेश सोनी की स्मृति को नमन किया गया। संचालन महामंत्री अमित सोनी ने किया। अंत में कृष्णकांत सोनी ने कहा कि वह अपने पिताजी द्वारा दिखाये रास्ते पर चलने एवं उनकी सकारात्मक पत्रकारता को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहा हूं, सातवीं पुण्यतिथि पर उनके चरणों में शत-शत नमन। इस दौरान प्रेस क्लब संरक्षक मंडल सदस्य संतोष शर्मा, मंजीत सिंह सलूजा, पवन संज्ञा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन (कल्लू), कोषाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह (पाली), कार्यालय प्रभारी अजीत जैन (भारती), अशोक स्वर्णकार, प्रीतमलाल विश्वकर्मा, जगदीश प्रसाद पाराशर, राजाराम गोस्वामी, सुरेश श्रीवास्तव, दीपक पटवारी, एड.अरमान कुरैशी, अजय जैन, कृष्णकांत सोनी, अखिलेश सेन, विनोद मिश्रा, रमेश रायकवार, अलोक चतुर्वेदी, प्रदीप रिछारिया, शिशुपाल सिंह, बृजमोहन संज्ञा, ओमप्रकाश बिरथरे, शिवशंकर पाठक, विनोद त्रिपाठी, जयशंकर प्रसाद द्विवेदी, विलास पटैरिया, इंजी.संजय चौबे, सहर्ष चौबे, डा.सौरभ देवलिया, शुभम देवलिया, संदीप शर्मा एड., आलोक खरे, कुंदन पाल कमलेश साहू, पंकज रायकवार, अमित राठौर, योगाचार्य मुकेश साहू, योगाचार्य अनुराग चतुर्वेदी, ब्रजेश तिवारी, आशीष तिवारी, निहाल सेन, दिव्यांश शर्मा, मनीष पाठक सहित पत्रकार एवं नागरिक उपस्थित रहे।

### सब्जी मंडी में शराबियों के जमावड़े से व्यापारी परेशान

**ललितपुर।** शहर के नझाई बाजार स्थित सब्जी मंडी में शराबियों के बढ़ते जमावड़े से स्थानीय दुकानदारों में आक्रोश व्याप्त है। मामले को लेकर मंडी के व्यापारी करीम पप्पू राईन ने सदर चौकी प्रभारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार, नझाई बाजार सब्जी मंडी में प्रतिदिन देर शाम शराबियों का जमावड़ा लग जाता है। आरोप है कि शराबी मंडी की दुकानों के बाहर बने चबूतरों पर बैठकर शराब का सेवन करते हैं तथा उत्पात मचाने के साथ-साथ तोडफ़ोड़ भी करते हैं। इससे व्यापारियों और क्षेत्रीय लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। दुकानदारों का कहना है कि यदि समय रहते रोकथाम नहीं की गई तो कोई अप्रिय घटना घट सकती है।

### खनन माफियाओं पर घर में घुसकर हमले का आरोप...

# अवैध खनन का विरोध करना किसान परिवार को पड़ा भारी, मिल रही धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

तालबेहट थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में अवैध खनन का विरोध करने पर एक किसान परिवार पर कथित रूप से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने खनन माफियाओं पर घर में घुसकर मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने तथा लगातार दबाव बनाने का आरोप लगाया है। घटना के बाद परिवार दहशत में है और गांव लौटने से भी डर रहा है। पीड़िता ममता ने बताया कि गांव के कुछ लोग वन क्षेत्र से अवैध रूप से बालू का खनन कर रहे हैं। आरोप है कि खनन से निकाली गई बालू का डंप उनके खेत में बनाया जा रहा था।

जब उन्होंने इसका विरोध किया और खेत में बालू डालने से मना किया, तो आरोपी नाराज हो गए। पीड़िता के अनुसार, इसी रंजिश के चलते दबंगों ने उनके घर पहुंचकर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने कुल्हाड़ी और लाठियों से परिवार के सदस्यों पर हमला किया, जिससे ममता, उनके पति और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद घायलों का उपचार कराया गया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि मामले में पुलिस द्वारा गंभीर धाराओं के बजाय मामूली धाराओं में कार्रवाई की गई, जिससे आरोपियों के हौसले और बढ़ गए हैं। परिवार का कहना है कि आरोपी लगातार धमकियां दे रहे हैं और गांव लौटने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दे रहे हैं। दहशत के माहौल में जी रहे परिवार ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने, सुरक्षा उपलब्ध कराने तथा क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि अवैध खनन और उससे जुड़े तत्वों पर समय रहते सख्ती नहीं की गई तो क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित हो सकती है। अब पीड़ित परिवार को प्रशासनिक कार्रवाई और न्याय मिलने की उम्मीद है।

# दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

### मड़ावरा पुलिस ने 22 वर्षीय युवक को दबोचा, न्यायालय में किया पेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

थाना मड़ावरा पुलिस ने दुष्कर्म के एक मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस की इस कार्रवाई को जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अंजाम दिया गया। एसपी मो. मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना मड़ावरा पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के ग्राम साढ़ूमल निवासी अनिल पुत्र थोवन लाल कुशवाहा उर्फ थनू को गिरफ्तार किया गया। आरोपी थाना मड़ावरा में दर्ज एक दुष्कर्म संबंधी मुकदमे में वांछित चल रहा था। आरोपी के विरुद्ध थाना मड़ावरा में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज है और वह घटना के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस टीम ने उसे शुक्रवार को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए न्यायिक अभिरक्षा के लिए न्यायालय में पेश किया। गिरफ्तारी की इस कार्रवाई में थाना मड़ावरा प्रभारी निरीक्षक चन्द्रपाल तथा हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों की गोष्ठी एवं प्रशिक्षण कार्यशाला में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# बाल सुरक्षा और पॉक्सो मामलों में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : एएसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित सभागार में बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों की मासिक समीक्षा गोष्ठी एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। अध्यक्षता एवं पर्यवेक्षण एएसपी/नोडल अधिकारी कालू सिंह ने की। बैठक में एएचटी एवं एसजेपीयू थाना इकाई सहित जनपद के सभी थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुपालन, अनुसंधान की गुणवत्ता तथा बाल कल्याण अधिकारियों के समक्ष आने वाली चुनौतियों पर विस्तार से




चर्चा की गई। एएसपी ने अधिकारियों को बाल गुमशुदगी, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, लैंगिक समानता, साइबर अपराध, एससी/एसटी एक्ट तथा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों और महिलाओं से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कार्यशाला में किशोर न्याय अधिनियम-2015 के नवीनतम संशोधनों, पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत दर्ज होने वाले मामलों तथा बाल संरक्षण से जुड़े कानूनी प्रावधानों पर भी विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया।

अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज प्रत्येक मुकदमे की सूचना 24 घंटे के भीतर बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) को उपलब्ध कराई जाए तथा फार्म-ए, फार्म-बी एवं एसबीआर रिपोर्ट समयबद्ध तरीके से संबंधित विभागों को भेजी जाए। बैठक में यह भी बताया गया कि पॉक्सो मामलों में आरोपियों को उच्च न्यायालय से प्राप्त होने वाली जमानत संबंधी सूचनाओं को तत्काल बाल कल्याण समिति एवं पीड़ित पक्ष तक पहुंचाना बाल कल्याण अधिकारियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।


समीक्षा के दौरान जनपद में दर्ज गुमशुदा बच्चों के लंबित मामलों तथा पॉक्सो एक्ट के अभियोगों की प्रगति का आकलन किया गया। एएसपी ने संबंधित अधिकारियों को जागरूकता अभियान चलाने तथा लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी), श्रम विभाग, जिला प्रोबेशन विभाग, चाइल्ड लाइन, प्रधान किशोर न्याय बोर्ड, जन साहस संस्था, वन स्टॉप सेंटर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दूर-दूर से निशान यात्रा लेकर पहुंचे श्रद्धालु, भजन-कीर्तन और महाआरती में देर रात तक गूंजे बाबा श्याम के जयकारे

# श्याम रंग में रंगा खुजनेर: परमा एकादशी पर खाटू श्याम मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, जयकारों से गूंजा दरबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

अधिकमास की परमा एकादशी पर मालवा के श्री खाटू श्याम मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना। सुबह से देर रात तक मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लगा रहा। आसपास के गांवों सहित दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पैदल निशान यात्रा लेकर बाबा श्याम के दरबार पहुंचे। पूरे दिन मंदिर परिसर श्याम भक्ति में सराबोर नजर आया और परमा एकादशी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम का पूजन-अर्चन कर जल कलश अर्पित किए



भक्त निशान यात्रा के साथ भक्ति गीतों और श्याम भजनों पर झूमते हुए भक्त बड़ी संख्या में पहुंचे। श्री श्याम के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा मंदिर समिति द्वारा इस अवसर पर बाबा श्याम का विशेष एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया। रंग-बिरंगे फूलों से सजे दरबार ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। दिनभर महिला मंडल द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया शाम को महाआरती में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए और भक्ति भाव से बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया।



### 50 से अधिक सेवादारों ने संभाली व्यवस्था

श्री श्याम मंदिर में हर एकादशी उमड़ती श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए 50 से अधिक सेवादार दिनभर व्यवस्था संभालने में जुटे रहते है दर्शन, प्रसाद वितरण, पेयजल एवं अन्य व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाता हैं जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। श्रद्धालुओं ने बताया कि सच्ची श्रद्धा और विश्वास के साथ बाबा श्याम के दरबार में आने वाले भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण होती है। यही कारण है कि प्रत्येक एकादशी पर खाटू श्याम मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं परमा एकादशी पर भी पूरा खुजनेर नगर श्याम भक्ति के रंग में रंगा नजर आया है।

### गर्मी के बीच श्रद्धालुओं को मिली राहत

भीषण गर्मी को देखते हुए मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए मंदिर परिसर में पानी की फुहार, कूलर और पंखों की व्यवस्था की गई, जिससे दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को गर्मी से राहत मिल सके इसके अलावा भक्तों के लिए फलाहार एवं फरियाली प्रसाद का वितरण भी किया गया।

## प्रबंधन के समक्ष अपनी समस्याओं एवं मांगों को लेकर हुए लामबंद

# ओसवाल डेनिम फैक्ट्री में मजदूरों की हड़ताल आश्वासन के बाद काम पर वापस लौटे श्रमिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

औद्योगिक क्षेत्र पीलूखेड़ी स्थित ओसवाल डेनिम प्राइवेट लिमिटेड में गुरुवार को मजदूरों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल कर दी। सुबह करीब 11 बजे शुरू हुई हड़ताल में बड़ी संख्या में श्रमिक शामिल हुए और प्रबंधन के समक्ष अपनी समस्याओं एवं मांगों को लेकर लामबंद हो गए।

हड़ताल के दौरान श्रमिकों ने मांग की कि आगामी 10 जुलाई तक सभी कर्मचारियों का बकाया वेतन कटौतियों एवं एरियर सहित भुगतान किया जाए। इसके अलावा प्रत्येक माह की 8 तारीख तक नियमित रूप से वेतन का भुगतान सुनिश्चित किया जाए तथा सभी कर्मचारियों को वेतन पर्ची (सैलरी स्लिप) उपलब्ध कराई जाए। श्रमिकों ने यह भी मांग उठाई कि सभी कर्मचारियों को शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी (सरकारी रेट) के अनुसार वेतन दिया जाए।



### योग्यता के आधार पर मिले वेतन और अन्य सुविधा

मजदूरों ने कहा कि कर्मचारियों की योग्यता एवं कार्य के आधार पर वेतन और अन्य सुविधाओं का निर्धारण किया जाए तथा इस संबंध में जुलाई माह तक आवश्यक कार्रवाई की जाए। साथ ही किसी भी श्रमिक के साथ गलत व्यवहार न हो और शिकायतों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाए। हड़ताल की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार सुनीता सिंह, पटवारी अर्पित सक्सेना मौके पर पहुंचें, उनके साथ यूनिट हेड मदन गोपाल चैधरी अध्यक्ष औद्योगिक संगठन पीलूखेड़ी, मयंक बाजपेई एचआर मैनेजर ओसवाल, श्याम सुंदर शर्मा जनरल मैनेजर तथा फैक्ट्री प्रबंधन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### नायब तहसीलदार ने सुनी श्रमिकों की समस्या

नायब तहसीलदार सुनीता सिंह ने बताया कि कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर कार्य बंद कर हड़ताल की गई थी। कर्मचारियों की प्रमुख मांग थी कि उनका वेतन समय पर मिले। पहले वेतन 10 तारीख तक दिया जाता था, लेकिन कर्मचारियों ने इसे 8 तारीख तक देने की मांग रखी थी, जिसे प्रबंधन ने स्वीकार कर लिया है। अब कर्मचारियों का वेतन प्रत्येक माह 8 तारीख तक उनके खातों में जमा किया जाएगा। कर्मचारियों की दूसरी मांग वेतन पर्ची (सैलरी स्लिप) उपलब्ध कराने की थी। पहले मांगने पर कागज पर सैलरी स्लिप दी जाती थी, लेकिन अब प्रबंधन ने सभी कर्मचारियों को नियमित रूप से सैलरी स्लिप उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

### छोटी-मोटी समस्या आती है, तो उसका समाधान जरूरी है

फैक्ट्री प्रबंधन ने कहा कि धरने पर बैठे सभी श्रमिक उनके परिवार का ही हिस्सा हैं और सभी लोग मिल-जुलकर कार्य करते हैं। कुछ कारणों से श्रमिकों ने फैक्ट्री गेट पर आकर अपनी मांगों को लेकर धरना दिया था। प्रबंधन और श्रमिकों के बीच बातचीत हुई, जिसमें श्रमिकों की प्रमुख मांगों पर सहमति बनाने का प्रयास किया गया। प्रबंधन ने बताया कि श्रमिकों की मुख्य मांग वेतन समय पर मिलने की थी। इस संबंध में प्रयास किया जाएगा कि कर्मचारियों का वेतन प्रत्येक माह की 8 तारीख तक उनके बैंक खातों में जमा कर दिया जाए। दूसरी मांग वार्षिक वेतनवृद्धि से संबंधित थी, जो सामान्यतः मई माह में लागू होती है। इस बार तकनीकी कारणों से मई के वेतन में वेतनवृद्धि शामिल नहीं हो पाई, लेकिन जून माह के वेतन में एरियर सहित इसका लाभ देने का प्रयास किया जाएगा। प्रबंधन ने यह भी कहा कि बड़े संस्थानों में छोटी-मोटी समस्याएं सामने आती रहती हैं।

### समस्याओं के शीघ्र समाधान आश्वासन पर खत्म हुई हड़ताल

अधिकारियों ने श्रमिकों की मांगों को गंभीरता से सुना और समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। प्रशासन और प्रबंधन की ओर से सकारात्मक आश्वासन मिलने के बाद श्रमिकों ने हड़ताल समाप्त कर दी और दोपहर करीब 2:30 बजे पुनः अपने कार्य पर लौट गए। श्रमिकों ने कहा कि यदि निर्धारित समय सीमा में उनकी मांगों का समाधान नहीं किया गया तो वे आगे भी आंदोलन करने को बाध्य होंगे। हड़ताल के दौरान फैक्ट्री परिसर में कुछ समय के लिए कार्य प्रभावित रहा, लेकिन प्रशासन और प्रबंधन के हस्तक्षेप से स्थिति शांतिपूर्ण ढंग से नियंत्रित हो गई। श्रमिकों और प्रबंधन के बीच सहमति बनने के बाद उत्पादन कार्य पुनः सामान्य रूप से शुरू हो गया।

### वेतनवृद्धि (इंक्रीमेंट) और एरियर भुगतान का मुद्दा भी उठाया

नायब तहसीलदार ने बताया कि कर्मचारियों ने वेतनवृद्धि (इंक्रीमेंट) और एरियर भुगतान का मुद्दा भी उठाया था। इस माह के वेतन के साथ उन्हें एरियर और इंक्रीमेंट का लाभ नहीं मिल पाया था। इस संबंध में प्रबंधन ने लिखित रूप से आश्वासन दिया है कि अगले माह के वेतन के साथ कर्मचारियों को एरियर और इंक्रीमेंट का भुगतान किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बनाया नया कीर्तिमान, सारंगपुर में हुए विशेष पूजा-पाठ व आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

देश के प्रधानमंत्री के रूप में लगातार सबसे लंबे समय तक निर्वाचित पद पर रहने का नया कीर्तिमान स्थापित करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सम्मान में सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र सहित नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, आरती एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन कर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु तथा राष्ट्र की समृद्धि की कामना की गई। राज्यमंत्री गौतम टेटवाल के मार्गदर्शन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जनसंपर्क कर आमजन से संवाद किया तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी दी। राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार 4399 दिन तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करते हुए एक नया इतिहास रचा है। उनके नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास और गरीब कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने निःशुल्क राशन, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत, सड़क एवं रेलवे विस्तार तथा वंदे भारत ट्रेनों जैसी योजनाओं का उल्लेख किया। नगर के तिलभांडेश्वर मंदिर, शिवनगर स्थित श्रीराम मंदिर एवं साईं मंदिर सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों पर विशेष प्रार्थनाएं की गईं। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता सुधीर श्रीमाल, आशुतोष वैद्य,पवन पारीक, भूपेंद्र जोशी, संतोष जोशी, जयप्रकाश जोशी, विजय सेन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जबरन कब्जे और जान से मारने की धमकी का आरोप

# भूमि विवाद: तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

समीप ग्राम बालोड़ी के कई ग्रामीणों ने अपनी स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि पर जबरन कब्जा करने के प्रयास, सीमांकन कार्यवाही को प्रभावित करने तथा जान से मारने की धमकी दिए जाने के संबंध में तहसीलदार सारंगपुर के नाम गुरुवार को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम बालोड़ी निवासी फरियादियों की भूमि सर्वे नंबर 251, 658, 659 एवं 660, कुल रकबा लगभग 9.910 हेक्टेयर पर वर्षों से उनका कब्जा एवं उपयोग बना हुआ है। फरियादियों का कहना है कि उक्त भूमि उनके पूर्वजों के समय से उनके अधिकार एवं आधिपत्य में है तथा वे नियमित रूप से भूमि का लगान भी जमा करते आ रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि एक प्रभावशाली व्यक्ति द्वारा उक्त भूमि पर अपना दावा करते हुए सीमांकन कराने और कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। फरियादियों के



अनुसार संबंधित व्यक्ति ने राजनीतिक प्रभाव का उपयोग कर प्रशासनिक स्तर पर दबाव बनाने की कोशिश की है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि सीमांकन की प्रक्रिया के दौरान बाहरी लोगों को साथ लाकर विवाद की स्थिति निर्मित की जा रही है तथा मौके पर लड़ाई-झगड़ा कर जान से मारने की धमकी भी दी गई है। फरियादियों का कहना है कि जिस भूमि को लेकर विवाद खड़ा किया जा रहा है, उसका उपयोग वे लंबे समय से कृषि कार्य के लिए करते आ रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपित व्यक्ति के विरुद्ध उचित वैधानिक कार्रवाई की जाए तथा विवादित भूमि की सीमांकन कार्यवाही पर रोक लगाई जाए। तहसीलदार को सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने और भूमि पर उनके अधिकारों की रक्षा करने की भी मांग की है। प्रशासन द्वारा मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई किए जाने की संभावना है। ज्ञापन देने वालों में हिम्मत सिंह, हुकम सिंह,वीरेंद्र सोलंकी,जीवन सिंह,प्रेम सिंह, भागवत सिंह,मोड सिंह,बने सिंह, कालू सिंह,इंदर मा ल वी य , दु ली चं द मालवीय,कैलाश मालवीय सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## एसडीएम से मिले अधिवक्तागण

# नई तहसील भवन में बैठक व्यवस्थाओं पर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ

बुधवार को अधिवक्तागण एसडीएम सुशील कुमार से मिलने उनके कार्यालय पहुंचे तथा कुछ दिनों बाद नये भवन में शिफ्ट होने जा रहे एसडीएम कार्यालय व तहसील कार्यालय में अधिवक्ताओ तथा दस्तावेज लेखकों की बैठक व्यवस्था को लेकर चर्चा हुई। नरसिंहगढ अभिभाषक संघ अध्यक्ष कैलाश यादव नें नये भवन में तहसील व एसडीएम कार्यालय की कार्य व्यवस्था प्रारंभ होने के पूर्व अधिवक्ताओ के लिए पर्याप्त बैठक व्यवस्था बनाये जाने की मांग रखी जिससे न्यायालयीन कार्य करने में अधिवक्ताओ जो सुविधा रहे।

एसडीएम सुशील कुमार नें विभिन्न विकल्पों पर चर्चा करते हुए बताया कि नये भवन में अधिवक्ताओ के लिए एक अलग से हॉल की व्यवस्था रखी गई है तथा जगह का सही चुनाव कर बैठक व्यवस्था हेतु टीन शेड शीघ्र ही लगवाए जावेंगे, दस्तावेज लेखक, कैंटीन आदि के लिए भी व्यवस्था बनाई जा रही है।

# सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर महाआरती आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी मंडल द्वारा थाना परिसर स्थित श्री हनुमान मंदिर में भव्य महाआरती एवं पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक हजारीलाल दांगी के नेतृत्व में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा पदाधिकारियों ने हनुमान जी महाराज की आराधना कर देश, प्रदेश एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि, विकास और जनकल्याण की कामना की।

इस अवसर पर वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश में हुए विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा गरीब, किसान, युवा एवं महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचरण किरार , भाजपा युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष दिनेश गुर्जर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह , भाजपा मंडल महामंत्री रमेश चंद्र शर्मा, नगर अध्यक्ष देवकीनंदन जमींदार , भाजपा किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष शिवचरण मण्ड़लोई , शिवराज सिंह चैहान, गिरीराज जुलानिया , श्याम टेलर ,अजय बैरिस्टर , कमल कुंभकार, राजेंद्र परिहार, कमल झावा, सत्यनारायण भावसार, भूपेंद्र जमीदार, जितेंद्र तोमर, श्याम राठौर, गोविंद गुप्ता रेडीमेड , गोविंद बरोंज सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एसडीएम की अध्यक्षता में संयुक्त बैठक का हुआ आयोजन

# लापरवाही पर प्रशासन सख्त, बारिश से पहले कार्य पूर्ण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

शहर में निर्माणाधीन सिटी पोर्शन सड़क को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। गुरुवार को इसी विषय को लेकर एसडीएम कार्यालय में एसडीएम सुशील कुमार की अध्यक्षता में आयोजित संयुक्त बैठक में लोक निर्माण विभाग, नगरपालिका और निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि अधूरे पड़े सड़क निर्माण कार्य को तत्काल गति देकर वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से पहले पूरा किया जाए। बैठक में नागरिकों की आवाजाही, जल निकासी और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई।



### रहवासियों की परेशानी दूर करने पर जोर

बैठक में सामने आया कि पुलिस कॉलोनी से सीएम राइज स्कूल तक सड़क का एक हिस्सा लंबे समय से अधूरा पड़ा है, जिससे स्थानीय रहवासियों, विशेषकर लोहकुटा क्षेत्र के लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन ने निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि आवश्यक ढलान, सीढ़ियों और वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था कर लोगों की परेशानी तत्काल दूर की जाए। साथ ही निर्माण कार्य के दौरान नगरपालिका के कचरा वाहनों एवं अन्य आवश्यक सेवाओं के आवागमन में कोई बाधा न आने देने के निर्देश भी दिए गए।

### जलभराव और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर विशेष फोकस

बैठक में निर्माणाधीन सड़क के दोनों ओर समुचित जल निकासी व्यवस्था नहीं होने पर चिंता व्यक्त की गई। अधिकारियों ने निर्माण एजेंसी को नालियों एवं वर्षा जल निकासी की व्यवस्था प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति न बने। इसके अलावा सड़क निर्माण स्थलों पर बैरिकेडिंग, संकेतक बोर्ड, रिफ्लेक्टर और चेतावनी पट्टिकाएं लगाने, कटान एवं अस्थायी ढलानों की मरम्मत करने तथा दुर्घटना की स्थिति में निर्माण एजेंसी की जवाबदेही तय करने के निर्देश भी जारी किए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि नागरिकों की सुरक्षा और निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

## पीड़ित की शिकायत पर प्रकरण दर्ज

# पुलिस के नाम पर 10 हजार वसूले, दी जान से मारने धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के एक युवक द्वारा पुलिस के नाम पर अवैध वसूली और धमकी का मामला सामने आया है। सिविल अस्पताल के पास चाय-नाश्ते की दुकान चलाने वाले एक 55 वर्षीय दुकानदार राजेश जमींदार से आरोपी आशिक मंसूरी ने 10 हजार रुपए ऐंठ लिए और पैसे मांगने पर गाली-गलौज कर परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर जीरापुर थाना पुलिस ने धारा 296 (इ) और 351(3) के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

### इस प्रकार है मामला

फरियादी कि रिपोर्ट अनुसार आवास कॉलोनी राजेश जमींदार कि सिविल अस्पताल के पास दुकान है। जर्जर छत को तुड़वाकर वह नई छत डलवा रहे थे। 07 जून की रात 02बजे छत डलने का काम चल रहा था, तभी गश्त पर निकली पुलिस ने रात में काम बंद कर दिन में काम करने को कहा। इस दौरान इस मामले मामले नया मोड़ आया और 08 जून को दोपहर 12 बजे के लगभग आरोपी युवक ने फोन कर कहा कि 10 हजार रुपए दे दो, पुलिस को देकर तुम्हारा छत का काम करवा दूंगा, वरना काम नहीं होगा। पीड़ति ने अपनी पत्नी से 10 हजार रुपए दिलवा दिए। 10 जून को सुबह 10 बजे जब फरियादी ने आरोपी से काम के बारे में पूछा तो उसने गालियां देते हुए कहा- चुप रह, तेरा काम हो जाएगा। अगर किसी से कहा तो तुझे और तेरे परिवार को जान से खत्म करवा दूंगा।घटना के समय फरियादी के साले और उनके साथी भी मौजूद थे। रात 11 बजे फरियादी कि रिपोर्ट पर से प्रकरण दर्ज हुआ।